>

Title: Need to open a new CGHS Dispensary in Jabalpur, Madhya Pradesh.

श्री राकेश सिंह (जबलपुर): जबलपुर संसदीय क्षेत्र जहाँ से मैं निर्वाचित सदस्य हूँ एवं इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहा हूँ, में रक्षा मंत्रालय की पाँच बड़ी इकाइयों के साथ-साथ अन्य केन्द्र शासित संस्थान स्थापित हैं। इन संस्थानों में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों की संख्या लगभग 80 हजार से एक लाख के मध्य है, जो यहाँ निवासरत हैं तथा सभी को सी.जी.एच.एस. के अंतर्गत उपचार कराने की पात्रता है। वर्तमान में जबलपुर में मात्र तीन औषधालय हैं, जो पात्रताधारी व्यक्तियों की संख्या के अनुपात में कम है। मेरे तारांकित प्रश्न के जवाब में कहा गया था कि औषधालय खोलने का मापदण्ड 6000 अथवा इससे अधिक केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का होना है एवं शहर में यदि नया औषधालय खोला जाता है तो 3 कि.मी. की परिधि में 2000 अथवा उससे अधिक केन्द्रीय कर्मचारियों का होना आवश्यक है। मैं आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि जबलपुर में पर्याप्त हितग्राहियों की संख्या इस मानदण्ड के अनुसार है। लेकिन इन मानदण्डों के विपरित अनेक शहरों में लाभार्थियों की संख्या कम होने के पश्चात् भी कई डिस्पेंसरियां खोली गई हैं। बुजुर्ग पेंशनभोगियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र के सी.जी.एच.एस. के लाभार्थियों की परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए मैंने माननीय स्वास्थ्य मंत्री से भेंट कर समस्याओं से अवगत कराया था। मंत्री जी ने दिनांक 20 फरवरी, 2013 को लिखे अपने पत्र में यह लिखा था कि वे संभावनाओं का पता लगा रहे हैं। मैं पुनः सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि वे जबलपुर में अतिरिक्त सी.जी.एच.एस. डिस्पेंसरी खोलने पर शीघ्र विचार करें।